IIM डायरेक्टर डॉ. भास्कर को टॉप रैंकर्स एक्सीलेंस अवॉर्ड

रायपुर | नई दिल्ली में आयोजित 19वें राष्ट्रीय प्रबंधन शिखर सम्मेलन में आईआईएम, रायपुर के डायरेक्टर

डॉ. भारत भास्कर को शैक्षणिक नेतृत्वशीलता के लिए टॉप रैंकर्स एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। क्रिएटिविटी, इनोवेशन एंड आंत्रप्रेन्योरशिप की ओर से बिजनेस एक्सीलेंस पर आयोजित सम्मेलन में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी डॉ. मंगू सिंह और पद्मश्री डॉ. प्रीतम सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। ये अवॉर्ड एचआर, मार्केटिंग, फाइनेंस, आईटी सहित विभिन्न मैनेजमेंट सब्जेक्ट में पहचान और सम्मान देने के लिए दिए जाते हैं। डॉ. भास्कर को उस स्पेक्ट्रम सब्जेक्ट के लिए अवॉर्ड दिया गया, जिसमें उन्होंने काम किया है। वे पहले गोदार्ड अंतरिक्ष उड़ान केंद्र, नासा में अग्रणी अनुसंधान परियोजनाओं से जुड़े थे, जहां उन्हें अनुसंधान में योगदान के लिए नासा के रिसर्च प्रोडक्टिविटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

Dainik Bhaskar, 21st March 2018, P.15